भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †3424
सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ग्रामीण होमस्टे के प्रोत्साहन हेतु राष्ट्रीय रणनीति

†3424. डॉ. दग्गुबाती पुरंदेश्वरी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विशेष रूप से आंध्र प्रदेश राज्य में ग्रामीण होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय रणनीति के उद्देश्यों और बजट आवंटन का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत दिनों में उक्त रणनीति के अंतर्गत विकसित किए गए ग्रामीण होमस्टे की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त रणनीति के कारण ग्रामीण पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं पर देखे गए प्रभाव का ब्यौरा क्या है, जिसका समर्थन प्रासंगिक आंकड़ों से किया जा सके;

(घ) क्या सरकार ने स्थानीय ग्रामीण कैफे के लाभ के लिए कोई योजना शुरू करने की भी योजना बनाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा राजमुंदरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में ग्रामीण पर्यटन को विकसित करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ड.): ग्रामीण होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय रणनीति के उद्देश्य इस प्रकार हैं:

(i) अनुभवात्मक पर्यटन के लिए आगंतुकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करना।
(ii) ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमशीलता और रोजगार के अवसर पैदा करना।
(iii) ग्रामीण होमस्टे को बढ़ावा देकर स्थायी, जिम्मेदार और समावेशी पर्यटन को बढ़ावा देना।
(iv) ग्रामीण कला और शिल्प, संस्कृति, इको-पर्यटन और प्रकृति-पर्यटन के अन्य रूपों को बढ़ावा देना।

ग्रामीण होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय रणनीति से संबंधित गतिविधियों का व्यय मंत्रालय के मौजूदा बजट/योजनाओं से पूरा किया जाता है। इसके लिए अलग से कोई धनराशि आवंटित नहीं की गई है।

पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत ग्रामीण परिपथ को विषयगत परिपथ में से एक के रूप में चिह्नित किया है। ग्रामीण पर्यटन सहित पर्यटन से संबंधित अवसंरचना के विकास के लिए परियोजनाओं/प्रस्तावों को राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से दिशानिर्देशों के अनुसार परिपथ के तहत विकास के लिए चिह्नित किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है। चल रही गतिविधियों के हिस्से के रूप में; ग्रामीण होमस्टे और ग्रामीण पर्यटन को भी बढ़ावा दिया गया है। पर्यटन मंत्रालय नियमित रूप से अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया पर प्रचार के माध्यम से विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और ग्रामीण पर्यटन के उत्पादों को भी बढ़ावा देता है।

सरकार ने 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' के हिस्से के रूप में स्वदेश दर्शन योजना के तहत जनजातीय होमस्टे विकसित करने की पहल को मंजूरी दे दी है। उक्त सहयोग में 5 लाख रु. प्रति यूनिट (नए निर्माण के लिए), 3 लाख रु. प्रति यूनिट (नवीनीकरण के लिए) और ग्राम समुदाय की आवश्यकता के लिए 5 लाख रु. तक की सहायता के साथ 1000 होमस्टे का विकास शामिल है।

*****